# शहरी समाचार
## नई सोच नई पहल

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार का प्रकाशन

जनवरी, 2022 | वर्ष 02 | अंक 01 | नगरीय बुलेटिन | पृष्ठ :12 | मूल्यः निःशुल्क




प्रधान मंत्री आवास योजना–शहरी Pradhan Mantri Awas Yojna-Urban

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

DAY-NULM Deendayal Antyodaya Yojana-National Urban Livelihoods Mission

आत्मनिर्भर भारत



**15,791** स्वयं सहायता समूहों (SHGs) का गठन

**82,104** PMAY(U) आवासों का निर्माण पूर्ण

**27,021** पीएम स्वनिधि ऋण वितरित

**47,308** मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) जॉब कार्ड वितरित



सरकार के दो साल, उपलब्धियाँ बेमिसाल प्रदेश के कई जिलों में हुआ कार्यक्रम, सौगातों की लगी झड़ी



आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की गूंज पहुंची दूर तलक



राज्य में PMAY (U) ले रहा नया आकार, बेघर लोगों का 'अपने घर' का सपना हो रहा साकार

## इस अंक में

सरकार के दो साल,
उपलब्धियां बेमिसाल

आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार
कार्यक्रम की गूंज पहुंची दूर तलक

महिला समूहों के गठन, सशक्तिकरण
व रोजगार सृजन पर बल

सरकार ने की विशेष पहल,
स्ट्रीट वेंडर हो रहे आत्मनिर्भर

**PMAY(U)** की लक्ष्य प्राप्ति के
प्रति गंभीर है राज्य सरकार

योजनाओं से संबंधित कार्यों के उत्तरोतर
वृद्धि, सफल क्रियान्वयन एवं प्रगति की
समीक्षा हेतु क्षेत्र भ्रमण

राज्य में **PMAY(U)** ले रहा नया आकार,
बेघर लोगों का 'अपने घर' का
सपना हो रहा साकार

राज्यभर के नगर निकाय पेश कर
रहे हैं मानवता की मिसाल

आई स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने की बारी,
नगर निकायों ने पूरे जोशो-खरोश से
शुरू की अपनी-अपनी तैयारी

जमशेदपुर शहर का सबसे पुराना
थोक बाजार व दुग्ध उत्पादन के लिए
प्रसिद्ध जुगसलाई नगर परिषद

# संदेश



नगरीय प्रशासन निदेशालय के "शहरी समाचार" का नवीन अंक निदेशालय के न्यूज लेटर की श्रृंखला के दूसरे वर्ष का पहला अंक है। इस न्यूज लेटर के माध्यम से हमने विगत नवंबर, 2020 से अनवरत राज्य के सभी स्थानीय निकायों से जुड़ी छोटी-बड़ी गतिविधियों को समाहित करने का प्रयास किया है। "शहरी समाचार" का आगाज कोरोना महामारी के संक्रमण के दौरान ही हुआ था। वर्तमान में भी पूरी मानव जाति इस वैश्विक महामारी से निजात नहीं पा सकी है, बल्कि इस वायरस के नए वैरिएंट 'ओमिक्रॉन' के रूप में नई चुनौती व कठिनाइयों का सामना कर रही है। मगर इन सारे हालात के बावजूद नगरीय प्रशासन निदेशालय अपने सभी स्थानीय निकायों के साथ मिलकर अपनी मुख्य भूमिका व दायित्वों को पूर्ण करने के साथ-साथ कोरोना महामारी से निपटने के लिए संबंधित प्रबंधन का कार्य भी कर रहा है। वस्तुतः प्रदेश में शीतलहर व ठंड का प्रकोप बढ़ने के बावजूद दिसंबर माह भी निदेशालय व राज्य के सभी नगर निकायों के लिए विशेष रूप से उपलब्धियों की अवधि साबित हुआ है। "शहरी समाचार" के जनवरी, 2022 के अंक में हमने राज्य के सभी स्थानीय निकायों की प्रमुख गतिविधियां-'सरकार के दो साल, उपलब्धियां बेमिसाल', 'आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की गूंज पहुंची दूर तलक', 'महिला समूहों के गठन, सशक्तिकरण व रोजगार सृजन पर बल', '**PMAY(U)** की लक्ष्य प्राप्ति के प्रति गंभीर है राज्य सरकार', 'योजनाओं से संबंधित कार्यों के उत्तरोतर वृद्धि, सफल क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु क्षेत्र भ्रमण', 'राज्य में **PMAY(U)** ले रहा नया आकार, 'बेघर लोगों का 'अपने घर' का सपना हो रहा साकार', 'आई स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने की बारी, नगर निकायों ने पूरे जोशो-खरोश से शुरू की अपनी-अपनी तैयारी', 'राज्यभर के नगर निकाय पेश कर रहे हैं मानवता की मिसाल', 'जमशेदपुर शहर का सबसे पुराना थोक बाजार व दुग्ध उत्पादन के लिए प्रसिद्ध :जुगसलाई नगर परिषद' से संबंधित अन्य गतिविधियों को समाहित किया है। वर्तमान में ठंड के और बढ़ने के साथ-साथ कोरोना की तीसरी लहर आने के संभावित खतरों को लेकर उत्पन्न हुई परस्थितियों के बीच विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की चुनौतियों में बढ़ोत्तरी होने की प्रबल संभावना है, लेकिन इसके साथ-साथ नए साल का आगाज हम सभी में नई ऊर्जा व नए उत्साह का अहसास भी करा रहा है। इस अवधारणा के साथ मैं अपनी सभी सहयोगी संस्थाओं को अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने की अपील करती हूं। साथ ही आशा करती हूं कि "शहरी समाचार" का यह अंक हम सभी के लिए प्रेरणादायक व लाभकारी साबित होगा।

**विजया जाधव** (भा.प्र.से.)
निदेशक,
नगरीय प्रशासन निदेशालय।

# सरकार के दो साल, उपलब्धियाँ बेमिसाल




मंचासीन महामहिम राज्यपाल महोदय, माननीय मुख्यमंत्री, मंत्री एवं अधिकारीगण।

# प्रदेश के कई जिलों में हुआ कार्यक्रम, सौगातों की लगी झड़ी

**हेमंत सरकार के दो साल पूरे हो चुके हैं। इसका जश्न रांची के मोरहाबादी मैदान में मनाया गया। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने योजनाओं की झड़ी लगा दी। उन्होंने करीब 16 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। वहीं, उन्होंने इसी मंच से झारखंड में पेट्रोल की कीमत 25 रुपये घटाने की भी घोषणा की। इसके अलावा प्रदेश के अलग-अलग जिलों में भी कार्यक्रम किए गए। जहां सरकार के मंत्रियों ने मोर्चा संभाला और जिलों में कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।**



राज्य की सरकार ने आपदा में खासकर गरीबों का सहारा बनी कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं शुरू की, जनता की समस्याओं को गृह प्रखंडों में शिविर लगाकर संवेदनशीलता से समाधान करने के उद्देश्य से 45 दिनों तक कैंप लगाकर योजनाओं से जोड़ने व लाभ पहुंचाने का काम सरकार ने किया है। पंचायतों में शिविर लगाकर कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने, लाभ पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाकर सराहनीय व संवेदनशीलता से समस्या का समाधान करने का प्रयास किया है। वहीं प्रशासन के तंत्र के माध्यम से जन समस्याओं के समाधान के लिए प्राप्त आवेदनों को समयबद्ध तरीके से निष्पादन के लिए संबंधित विभागों के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

कार्यक्रम में राज्य स्तर पर 27 योजनाओं से कुल 41585.68 लाख रुपए का शिलान्यास एवं 8 योजनाओं से 26900.83 लाख रुपए का उद्घाटन हुआ, वही जिला स्तर पर 46 योजनाओं से 5533.34 लाख का शिलान्यास एवं 33 योजनाओं से 7800.24 लाख रुपए का उद्घाटन किया गया। इस प्रकार कुल 47119.02 लाख रुपए का शिलान्यास एवं 34701.07 लाख रुपए का उद्घाटन किया गया।

### पलामू के पलाश के फूल को दुनिया मे पहचान देने की हुई पहल

पलामू के पलाश के फूल को पूरी दुनिया में पहचान के लिए पहल की जा रही है, पलाश के फूल से हर्बल रंगों का उत्पादन एक बार फिर से शुरू किया जाएगा। एशिया प्रसिद्ध पलामू के कुन्दरी लाह बगान में जेएसएलपीएस के माध्यम से एक बार फिर से हर्बल रंगों का उत्पादन शुरू होगा।

## धनबाद

### 855.22 करोड़ राशि की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

धनबाद की बात करें तो यहां न्यू टाउन हॉल धनबाद में झारखंड सरकार के दो साल पूरे होने पर स्वास्थ्य मंत्री और धनबाद जिला प्रभारी माननीय मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में माननीय मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने धनबाद में सौगातों की बारिश कर दी। यहां कुल 689.07 करोड़ की 195 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। जबकि 166.15 करोड़ की 52 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। ये योजनाएं धनबाद नगर निगम, जिला परिषद, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सहित अन्य विभागों द्वारा क्रियान्वित हैं।

## गिरिडीह

### लगभग 616 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

गिरिडीह में विकास मेला का आयोजन किया गया. यहां 616 करोड़ 21 लाख 38 हजार 211 रुपये का उद्घाटन, शिलान्यास और परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। यहां पपरवाटांड़ में बने समाहरणालय का भी उद्घाटन किया गया।

**हजारीबाग को भी मिला बंपर सौगात:** झारखंड सरकार ने हजारीबाग के लिए अपना खजाना खोल दिया। हजारीबाग में 46 योजनाओं में 5533.34 लाख का शिलान्यास और 33 योजनाओं में 7800.24 लाख रुपए का हुआ उद्घाटन हुआ। झारखंड सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्थानीय नगर भवन में विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्तियों के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### मंच से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

मोराबादी में आयोजित कार्यक्रम में राँची नगर निकाय के 101 एसएचजी को डे-एनयूएलएम योजना के तहत एक-एक लाख यानि कुल एक करोड़ एक लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया। इस ऋण से राँची के शहरी क्षेत्र की विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की लगभग 1200 महिलाएं लाभान्वित हुईं। इससे इन महिलाओं का स्वरोजगार करने के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा है व साथ ही उनमें भविष्य को लेकर उत्साहवर्धन हुआ है।



महामहिम राज्यपाल महोदय एवं माननीय मुख्यमंत्री स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को चेक प्रदान करते हुए।



नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार का प्रकाशन


## आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार

# कार्यक्रम की गूंज पहुंची दूर तलक

- राज्य के हर जिले में उपस्थिति रही शानदार, कार्यक्रम की उपलब्धियां भी रहीं बेशुमार
- ज्यादातर मामलों का मौके पर ही हुआ निष्पादन
- लोगों ने हृदय से जताया सरकार का आभार, काफी संख्या में लोगों ने दिए अपने आवेदन

**राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्यभर के विभिन्न नगर निकायों में विगत 16 नवंबर से 28 दिसंबर तक 'आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। हमने 'शहरी समाचार' के दिसंबर, 2021 के अंक में विगत नवंबर माह में संपन्न हुए कार्यक्रमों की कुछ उपलब्धियों की झलक प्रस्तुत की थी। दिसंबर माह में संपन्न हुए कार्यक्रम का संक्षिप्त ब्यौरा हम इस अंक में प्रस्तुत कर रहे हैं।**

16 नवंबर से जारी कार्यक्रम की कड़ी में दिसंबर माह में 1 दिसंबर से लेकर 28 दिसंबर तक लगातार विभिन्न जिलों में 'आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी विभिन्न तरह के आयोजन जारी रहा। कार्यक्रम के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में अलग-अलग स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया। हर जिले में शिविर में आम लोगों की काफी अच्छी भागीदारी रही। शिविर के दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई व कैंप में आए लोगों से आवेदन भी प्राप्त किए गए। इस दौरान ज्यादातर मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। इस कैंप में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, श्रमिकों का ई-पोर्टल पर निबंधन समेत अन्यान्य सरकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए। शिविर के दौरान लाभुकों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया इसके अलावा लाभुकों को जॉब कार्ड का वितरण किया गया। कैंप में आए लाभुकों ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का आवेदन भरा। इसके अलावा कई लोगों को कोविड का टीका भी लगाया गया।




इस क्रम में राज्य सरकार द्वारा आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दिनांक 01.12.2021 को चास नगर निगम तथा सरायकेला, लातेहार, हरिहरगंज, बड़की सरैया नगर पंचायत क्षेत्र में कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई व लोगों से आवेदन भी प्राप्त किए गए। दिनांक 07.12.2021 को हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। दिनांक 08.12.2021 को हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में कैंप का आयोजन किया गया। दिनांक 09.12.2021 को खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में कैंप का आयोजन किया गया। दिनांक 14.12.2021 को धनबाद व मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद व बागबेड़ा तथा हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया गया। दिनांक 16.12.2021 को हरिहरगंज व खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया गया। दिनांक 17.12.2021 को लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया गया।

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विगत नवंबर से जारी आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दिनांक 20.12.2021 को लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 5 लाभुकों को गृह प्रवेश के रूप में सांकेतिक चाबी व 5 लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। साथ ही साथ लोगों की योजनाओं से संबन्धित विभिन्न प्रकार की समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया तथा कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक 29.12.2021 को पूरे राज्य में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

## विभिन्न नगर निकायों में आयोजित कार्यक्रमों की कुछ झलकियां





कार्यक्रम की कड़ी में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत विभिन्न नगर निकायों में महिला समूहों का गठन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से जुड़े लाभुकों के घरों तक पहुँचते हुए कैंप के माध्यम से सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत नए स्ट्रीट वेंडरों का निबंधन, निबंधित स्ट्रीट वेंडरों को अन्य योजनाओं का लाभ और मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत श्रमिकों को तत्काल निबंधन करते हुए उन्हें जॉब कार्ड प्रदान किया गया।

राज्य भर के नगर निकायों के लाभुकों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे अपने द्वार तक पहुंचता देख खुशी जाहिर की है। साथ ही सरकार के 2 साल पूर्ण होने की बधाई भी दी।



नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार का प्रकाशन

## CRPs के क्षमता संवर्धन हेतु दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ सफलतापूर्वक आयोजन

# महिला समूहों के गठन, सशक्तिकरण व रोजगार सृजन पर बल




दिनांक 06.12.2021 से 15.12.2021 तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन की तस्वीर।

नगरीय प्रशासन निदेशालय (DMA) की ओर से दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के SM&ID घटक अंतर्गत दिसंबर माह के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों के 251 सामुदायिक संसाधन सेवियों (CRPs) के क्षमता संवर्धन हेतु JSLPS के सहयोग से दो अलग-अलग बैच में दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन राजधानी राँची के नामुकम में स्थित केजरीवाल इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट स्टडीज में किया गया। पहले बैच में शामिल 126 सामुदायिक संसाधन सेवियों (CRPs) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 06.12.2021 से 15.12.2021 तक व दूसरे बैच में शामिल 125 सामुदायिक संसाधन सेवियों (CRPs) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 17.12.2021 से 26.12.2021 तक किया गया। दूसरे बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन दिनांक 27.12.2021 को किया गया। दो अलग-अलग तिथियों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन DMA निदेशक विजया जाधव ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षणार्थियों को जेएसएलपीएस के स्टेट रिसोर्स पर्सन एवं एनयूएलएम के राज्य मिशन प्रबंधकों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर अपने संबोधन में डीएमए निदेशक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों, इससे होनेवाले लाभों एवं वर्तमान समस्याओं से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं से अवगत कराया। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप अपना शत-प्रतिशत ध्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगाएं तथा अपना क्षमता संवर्धन कर निकाय का एक महत्वपूर्ण कैडर बनें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने, वित्तीय जागरुकता बढ़ाने व सामजिक कुरीतियों को दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करें। उन्होंने सभी सीआरपी दीदियों को अपने शहरी क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी गरीब महिलाओं का सशक्तिकरण करने व उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से सीआरपी दीदियों को झारखंड के शहरी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों के गठन, संवर्धन, सशक्तिकरण, रोजगार सृजन तथा उनके विकास की प्रक्रिया को गति देने से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान एवं अनुभव प्राप्त होगा। इससे राज्य की महिलाएं और ज्यादा सशक्त होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि सामाजिक उत्प्रेरण एवं संस्थान विकास (SM&ID) डे-एनयूएलएम का एक प्रमुख घटक है। डे-एनयूएलएम योजना के तहत झारखंड में कार्यरत 50 शहरी नगर निकायों (ULBs) में वर्तमान में 15,537 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सामुदायिक संसाधन सेवियों (CRPs) दीदियों के क्षमता संवर्धन कर शहरी क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी गरीब महिलाओं का सशक्तिकरण करना, उनका बौद्धिक विकास करना तथा उनमें आपसी समझ विकसित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यतः 'गरीबी क्या है ?, 'गरीबी के मुख्य कारण, गरीबी बढ़ानेवाले कारण व गरीबी हटाने के सात कदम' लेखन अभ्यास, भाषण व शैक्षणिक खेल के माध्यम से समूह क्यों, प्रशिक्षक का केस स्टडी, चार्ट कार्य व अभ्यास से प्रशिक्षणार्थी को परिचित कराया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षणार्थी।

## प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया

सामुदायिक संसाधन सेवियों (CRPs) के पहले बैच के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन दिनांक 15.12.2021 को हुआ। इस मौके पर नगरीय प्रशासन निदेशालय की निदेशक विजया जाधव व सहायक निदेशक श्री योगेंद्र प्रसाद ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किया व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राज्य मिशन प्रबंधक श्री कुमार बम, श्री अजीत कुमार, श्री निरंजन कुमार भी उपस्थित थे। इसी प्रकार सामुदायिक संसाधन सेवियों (CRPs) के दूसरे बैच के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन दिनांक 26.12.2021 को हुआ। इस कड़ी में 27.12.2021 को आयोजित समापन कार्यक्रम में शिरकत करते हुए नगरीय प्रशासन निदेशालय के सहायक निदेशक श्री योगेंद्र प्रसाद ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित किया। इसके साथ ही उन्हें नियोजित क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस दौरान सहायक निदेशक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षकों को भी सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राज्य मिशन प्रबंधक श्री कुमार बम व श्री निरंजन कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपने प्रशिक्षण का अनुभव सांझा किया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सीआरपी काफी उत्साहित दिखे।







प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत प्रमाण पत्र वितरित करते डीएमए के सहायक निदेशक श्री योगेन्द्र प्रसाद।

## राँची, धनबाद व जेएनएसी में हुआ 'स्वनिधि से समृद्धि' शिविर का आयोजन

# सरकार ने की विशेष पहल स्ट्रीट वेंडर हो रहे आत्मनिर्भर

**राज्य सरकार द्वारा फुटपाथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) के लिए शुरू की गई एक विशेष पहल के तहत पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत रांची, धनबाद व जमशेदपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 06.12.2021 से 11.12.2021 तक अलग-अलग स्थानों पर 'स्वनिधि से समृद्धि' शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएम स्वनिधि योजना के लाभुक व उनके परिवार के सदस्यों की सोशियो-इकोनामिक प्रोफाइलिंग की गई व उन्हें सरकार की 8 कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया।**

स्वनिधि से समृद्धि' शिविर में फुटपाथ विक्रेताओं को सरकारी योजनाओं यथा - प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना, BoCW अंतर्गत निबंधन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना एवं रुपये कार्ड से जोड़ने हेतु आवेदन (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) भरवाया गया। शिविर के दौरान 'मैं भी डिजिटल 3.0' कार्यक्रम के तहत डिजिटल लेन-देन PhonePe आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा ई-कॉमर्स प्लेटफार्म जैसे जोमैटो/स्विग्गी में ऑनबोर्ड हेतु इच्छुक पथ विक्रेताओं का तत्काल आवेदन भी कराया गया।

आत्मनिर्भर भारत

**मानगो नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए हुआ दो दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजनः** पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 1129 स्ट्रीट वेंडर्स के लिए दिनांक 09.12.2021 से 10.12.2021 तक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के पूर्व नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वे व मोबिलाइजेशन का कार्य किया गया। इसके उपरांत उन्हें लगातार दो दिनों तक एफएसएसएआई प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान उन्हें साफ-सफाई व योजना संबंधी अहम जानकारी दी गई तथा सरकार द्वारा चल रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना के तहत 20 से 24 दिसंबर तक विशेष ऋण संवितरण अभियान चलाया गया। इसके लिए मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 20 दिसंबर को बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक में ऋण संवितरण कैंप का आयोजन किया गया। लाभुकों को बैंक तक भेजने व बैंक में सहयोग के लिए नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई। प्रतिनियुक्त कर्मियों को बैंक से समन्वय स्थापित करते हुए लाभुकों को उक्त योजना का लाभ दिलाने का दिशा- निर्देश भी दिया गया।

**रांची नगर निगम**



## 'स्वनिधि से समृद्धि' शिविर की कुछ झलकियाँ

**धनबाद नगर निगम**



**जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति**



## नींव खुदाई कार्यक्रम एवं समाधान शिविर






# PMAY(U) की लक्ष्य प्राप्ति के प्रति गंभीर है राज्य सरकार

राज्य सरकार PMAY (U) के तहत आवास निर्माण के लक्ष्य को ससमय पूरा करने व योजना के सही क्रियान्वयन हेतु गंभीरता से प्रयासरत है। इस दिशा में नई पहल करते हुए नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिसंबर माह में दिनांक 17 से 29 दिसंबर, 2021 तक राज्य के सभी नगर निकायों में 'लाभुक जागरूकता-सह-नींव खुदाई कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में राज्य के सभी नगर निकाय कार्यालयों में दिनांक 17.12.2021 से 19.122.2021 तक 'समाधान शिविर' का आयोजन किया गया। दिनांक 20.12.2021 से 28.12.2021 तक 'लाभुकों के द्वार कार्यक्रम' एवं दिनांक 29 दिसंबर को 'गृह प्रवेश कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

दिनांक 17 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित किए गए तीन दिवसीय 'समाधान शिविर' के दौरान स्वीकृत आवासों के लाभुक, जिनका दस्तावेज अभिलेख अधूरा है, उनको निकाय में जमा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा स्वीकृत आवासों के लाभुक, जिनको आवास निर्माण का किश्त प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें किस्त की राशि निर्गत करवाने का कार्य किया गया। साथ ही स्वीकृत आवासों के लाभुकों में से यदि किसी लाभुक का निधन हो गया है, तो उनके स्थान पर उनके उत्तराधिकारी के नाम का परिवर्तन करने की कार्रवाई की गयी। इसके अलावा ननस्टार्टर आवासों के लाभुकों को आवास निर्माण जल्द प्रारंभ करने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया गया और क्षेत्र भ्रमण कर लाभुकों में जागरूकता फैलाने का भी कार्य किया गया। साथ ही किफायती आवास परियोजनाओं का निर्माण के लिए इच्छुक एवं योग्य लाभुकों से तत्काल आवेदन प्राप्त करते हुए उचित कार्यवाही की गयी। इन कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार करने हेतु आवश्यक कार्य किये गये।



नगर निकायों में हुआ तीन दिवसीय 'समाधान शिविर' का आयोजन।

### लाभुक जागरूकता-सह-नींव खुदाई कार्यक्रम की उपलब्धियां

| | |
|---|---|
| राज्य भर में विभिन्न नगर निकायों के लाभुकों से प्राप्त वांछित दस्तावेज | 2342 |
| स्वीकृत आवासों के लाभुकों को किस्त निर्गत | 6916 |
| नॉन-स्टार्टर आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ | 1930 |
| नव-निर्मित आवासों के लाभुकों का गृह प्रवेश | 1513 |
| लंबित आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण | 569 |
| लाभुक के निधन होने के उपरांत, उनके स्थान पर उनके उत्तराधिकारी के नाम का परिवर्तन | 117 |
| घटक-3 के तहत किफायती आवास परियोजना के योग्य लाभुकों से रु. 5000/- रजिस्ट्रेशन शुल्क के साथ प्राप्त आवेदन | 136 |

### पूरे राज्य में लाभुक जागरूकता-सह-नींव खुदाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- राज्य के सभी नगर निकाय कार्यालयों में 'समाधान शिविर' का आयोजन किया गया।
- क्षेत्र भ्रमण कर लाभुकों के बीच जागरूकता फैलाने का भी कार्य किया गया।

### गृह प्रवेश कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन

'लाभुक जागरूकता-सह-नींव खुदाई कार्यक्रम' की अगली कड़ी में दिनांक 20.12.2021 से 20.12.2021 तक 'लाभुक के द्वार' कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 में नव स्वीकृत BLC का नींव खुदाई, विभिन्न चरणों में निर्माणाधीन आवासों का शत-प्रतिशत Geo-tagging की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 के स्वीकृत लंबित आवासों के निर्माण-कार्य को पूर्ण कराने का काम किया गया। उक्त कार्यक्रम के अंतिम चरण में दिनांक 29.12.2021 को गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान माननीय सांसद, माननीय विधायक, माननीय महापौर/उप महापौर, माननीय अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, माननीय वार्ड पार्षद गण की गरिमामयी उपस्थिति में राज्य भर में बड़ी संख्या में पूर्ण आवासों के लाभुकों का गृह प्रवेश कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# योजनाओं से संबंधित कार्यों के उत्तरोत्तर वृद्धि, सफल क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु क्षेत्र भ्रमण

## डीएमए की राज्य स्तरीय टीम ने खूंटी, लोहरदगा व लातेहार नगर निकाय क्षेत्र का भ्रमण किया

राज्य के विभिन्न नगर निकाय क्षेत्र में नगरीय प्रशासन निदेशालय (डीएमए) के पदाधिकारियों की तीन अलग टीम ने अलग-अलग दिन खूंटी नगर पंचायत, लोहरदगा नगर परिषद व लातेहार नगर पंचायत का एक दिवसीय दौरा किया। इस क्रम में डीएमए के सहायक निदेशक श्री शैलेश प्रियदर्शी के नेतृत्व में गठित टीम-ए में शामिल पदाधिकारियों ने दिनांक 02.12.2021 को खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्माणाधीन आवासों का भौतिक निरीक्षण व समीक्षा किया। इस टीम में सहायक निदेशक श्री प्रियदर्शी के साथ विशेषज्ञ श्री मुकेश कुमार झा व श्रीमती कल्याणी पंपना शामिल थीं।



आश्रय गृह का निरीक्षण करते डीएमए के सहायक निदेशक श्री शैलेश प्रियदर्शी

PMAY(U) कोषांग के राज्यस्तरीय टीम लीडर श्री राजन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम-बी में शामिल डीएमए के पदाधिकारियों ने दिनांक 03.12.2021 को लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्माणाधीन आवासों का भौतिक निरीक्षण व समीक्षा किया। इस टीम में डीएमए विशेषज्ञ श्री दिनेश कुमार द्विवेदी व दीपक कुमार शामिल थे।

डीएमए के सहायक निदेशक श्री शैलेश प्रियदर्शी के नेतृत्व में गठित टीम-सी में शामिल पदाधिकारियों ने दिनांक 07.12.2021 को लातेहार नगर पंचायत का एक दिवसीय भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने PMAY(U) का भौतिक निरीक्षण व समीक्षा किया। साथ ही PMAY (U) लाभार्थियों को आवास निर्माण शुरू करने के लिए प्रेरित किया व उन्हें लंबित आवासों का निर्माण 31 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस टीम में विशेषज्ञ श्री राजन कुमार व श्रीमती मितु भारती शामिल थीं। इस दौरान डीएमए के सहायक निदेशक श्री प्रियदर्शी ने लातेहार शहर में बनाए गए आश्रय गृह का भी निरीक्षण किया एवं ठंढ के मौसम को देखते हुए उचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।







PMAY(U) लाभुकों को योजना के प्रति जागरूक करते डीएमए के पदाधिकारीगण।

## महिलाओं के सपनों को मिल रहा पंख, स्वरोजगार से जुड़ कर हो रहीं आत्मनिर्भर

आम लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने में स्वयं सहायता समूह मददगार साबित हो रहे हैं। कोरोना काल में मानगो नगर निगम से जुड़ी कालिका नगर की महिलाओं ने सुधा महिला समिति का गठन किया है। कोरोना संक्रमण काल में क्रेडिट लिंकेज से पहली बार समिति को एक लाख रुपये मिले। इससे महिला समिति ने पेपर बैग, पेपर का ठोंगा आदि बनाकर उसे शहर की दुकानों में बेचा। स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने सिलाई-कढ़ाई का कार्य भी किया। उससे होने वाली आमदनी से बैंक ऋण चुकाकर लाभ की राशि आपस में बांट ली। मानगो नगर निगम की सुधा महिला



समिति को दूसरे साल दो लाख रुपये क्रेडिट लिंकेज का लाभ मिला है। बैंक ऑफ़ इंडिया ओल्ड पुरुलिया रोड शाखा से मिले सहयोग से महिला समिति की सदस्य स्वरोजगार से जुड़कर व्यवसाय को रफ्तार दे रही है। इस बारे में मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय का कहना है कि स्वरोजगार योजना के तहत पहले साल एक लाख, दूसरे साल दो लाख एवं तीसरे साल तीन लाख रुपये का लाभ स्वयं सहायता समूह को दिया जा सकता है। क्रेडिट लिंकेज का लाभ लेकर समूह की महिलाएं स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर हो रही हैं।

### क्रेडिट लिंकेज का लाभ देने हेतु शहरी गरीब महिलाओं का खोला गया खाता

डे-एनयूएलएम के तहत स्वयं सहायता समूह को योजना का लाभ दिलाने के लिए मानगो नगर निगम तत्पर है। इस कार्य को गति प्रदान करने के लिए निगम कार्यालय में कैंप लगाकर बैंक खाता खोला जा रहा है एवं क्रेडिट लिंकेज का लाभ दिलाने के लिए स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की काउंसलिंग की प्रक्रिया जारी है ताकि उन्हें क्रेडिट लिंकेज का लाभ बैंक से मिल सके और वे आत्मनिर्भर हो सकें।



बिरसानगर किफायती आवास परियोजना के तहत 3836 पात्र लाभुकों को मिला 'सपनों का आशियाना'।

# राज्य में PMAY(U) ले रहा नया आकार

## बेघर लोगों का 'अपने घर' का सपना हो रहा साकार


हर इंसान का सपना होता है कि उसका अपना घर हो। मगर कम आय वर्ग वाले लोगों के लिए ऐसा करना संभव नहीं हो पाता है। इसी ध्येय को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) घटक 3 के तहत किफायती आवास परियोजना पर काफी तीव्रता से कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र अंतर्गत बेघर लोगों के लिए बिरसानगर में 9592 आवासों का निर्माण किया जा रहा है। इस योजना के तहत दिनांक 23.12.2021 को 3836 पात्र लाभुकों को पहले चरण का आवंटन लाटरी के माध्यम से किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त श्री सूरज कुमार की अध्यक्षता व हजारों लाभुकों की उपस्थिति में शहर के सिंदगोड़ा स्थित टाउन हॉल के प्रांगण में किया गया था। उक्त लाभुकों में से 55 दिव्यांग व 153 वरिष्ठ नागरिकों को भू तल (ग्राउंड फ्लोर) पर तथा शेष 3628 लाभुकों को प्रथम तल से आठवें मंजिल तक आवास आवंटित किया गया। कार्यक्रम में सभी लाभुक आवास आवंटन को लेकर काफी उत्सुक व उत्साहित थे। लाटरी में जिन लाभुकों के नाम का ऐलान किया गया, उनकी खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। इस मौके पर जिले के उपायुक्त व अन्य अतिथियों ने सांकेतिक तौर पर 10 लोगों को आवास आवंटन का प्रमाण-पत्र दिया। अन्य आवंटियों को जेएनएसी कार्यालय से आवास आवंटन का पत्र सौंपा जाएगा। इस क्रम में जेएनएसी कार्यालय से प्रतिदिन 200 लोगों को फोन एवं एसएमएस भेजा जाएगा।



बिरसानगर
किफायती आवास
परियोजना के तहत
**3836**
पात्र लाभुकों को मिला
'सपनों का आशियाना'

लाभुकों की परेशानी दूर करने के लिए जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति द्वारा नाम व मोबाइल नंबर के साथ सभी के आवास का नंबर वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया जहां से लोग खुद भी अपने आवास का नंबर जान सकते हैं। अक्षेस द्वारा प्रतिदिन दो सौ लाभुकों को कॉल या मैसज के माध्यम से कार्यालय में बुलाकर आवास आवंटन पत्र देने व्यवस्था की गई है।





### लाभुकों की आंखों में खुशी के आंसू व चेहरे पर दिखी मुस्कान

लाटरी में जिन लाभुकों के नामों की घोषणा की गई, उनके चेहरे पर गजब की खुशी साफ झलक रही थी। उनके आंखों में खुशी के आंसू अनायास छलक आए। इनमें से कई लोगों ने अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी अल्प आमदनी से वे 'अपने घर' का सिर्फ सपना ही देख सकते थे, उसे बनाने के बारे में तो सोच भी नहीं सकते थे, मगर उनके इस सपने को पूरा करने में सरकार की अति महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ने पूरा किया है। आम लोगों के इस सपने को नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार ने साकार करने में अपनी महत्ती भूमिका का निर्वाह किया है।





# राज्यभर के नगर निकाय पेश कर रहे हैं मानवता की मिसाल

दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत राज्य भर के विभिन्न नगर निकाय क्षेत्र में संचालित होने वाले आश्रय विहीनों के लिए स्थापित निःशुल्क आश्रय गृहों की व्यवस्था को राज्य सरकार द्वारा पहले से अधिक चुस्त-दुरूस्त किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन निदेशालय के तत्वावधान में शुरू किए गए इस विशेष अभियान को ठंड के मौसम के मद्देनजर अधिक तेजी के साथ कार्यरूप दिया जा रहा है।

इस संदर्भ में इन आश्रय गृहों में महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग ठहरने की सुविधा, असहाय एवं निर्बल के लिए निःशुल्क भोजन, स्नान एवं शौचालय की सुविधा, बिजली एवं पानी की सुविधा, सुरक्षित परिवेश तथा ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही बढ़ती ठंड के मद्देनजर राज्य भर के विभिन्न नगर निकायों द्वारा नगर निकाय क्षेत्र में राहत कार्य चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर फुटपाथ पर सोने वाले लोगों को आश्रय गृह भेजा जा रहा है। साथ ही इन लोगों को आश्रय गृह के संबंध में पूरी जानकारी भी दी जा रही है। उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि सरकार के द्वारा नगर निकाय क्षेत्र में कितने आश्रय गृह हैं तथा वे कहां पर स्थित हैं जहां उनके लिए निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था है। इन आश्रय गृहों में कंबल, बेड, पानी, बिजली आदि की व्यवस्था है, इसलिए कृप्या कर सड़क पर न सोकर वे आश्रय गृह में जाकर आश्रय लें।

## फुटपाथ पर सोने वाले लोगों को आश्रय गृह ले जाकर कर रहे बेहतर देखभाल



मानगो नगर निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में ठंड को देखते हुए फुटपाथ में सोए हुए व्यक्ति/महिला को आश्रय गृह ले जाने का दिशा-निर्देश देते अधिकारी।

» रात्रि में चौक-चौराहों पर चलाया जा रहा है रेस्क्यू ऑपरेशन।

» पूरे राज्य में चुस्त-दुरूस्त की जा रही आश्रय गृहों की व्यवस्था।



आश्रय गृह को लेकर मानगो में चला जागरूकता अभियान।

### जरूरतमंदों के लिए प्रयासरत है डीएमए

राज्य में भीषण ठंड के मौसम को देखते हुए निदेशक,नगरीय प्रशासन निदेशालय,नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड के निदेशानुसार सभी निकायों द्वारा विशेषकर रात्रि में अभियान चलाया जा रहा है एवं खुले में सोने वाले बेघर व बेसहारा लोगों को आश्रय गृह में ले जाकर उन्हें जीने का सहारा दिया जा रहा है।

### आश्रय गृहों में इस तरह की हैं सुविधाएं

- इन आश्रय गृहों में असहाय और जरूरतमंदों के लिए नि:शुल्क भोजन की सुविधा।
- स्नान एवं शौचालय की सुविधा।
- ठंढ से बचाव के लिए पर्याप्त सुविधाएं यानी रूम हीटर, बेड, लॉकर, कंबल, आरओ फ्रेश वाटर आदि उपलब्ध हैं।
- विगत एक वर्ष में राज्य के आश्रय गृहों में 2,48,244 ऑक्यूपेंसी रिकॉर्ड किया गया है।
- राज्यभर के विभिन्न नगर निकायों में स्थापित कुल 56 आश्रय गृहों में लगभग 1585 बेड की व्यवस्था है।

# आई ''स्वच्छ सर्वेक्षण 2022'' में भाग लेने की बारी

## नगर निकायों ने पूरे जोशो-खरोश से शुरू की अपनी-अपनी तैयारी

भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत ''स्वच्छ सर्वेक्षण 2022'' में पिछले साल की अपेक्षा इस साल उससे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए राज्य के विभिन्न नगर निकायों द्वारा इसकी जोर-शोर से तैयारी शुरू कर दी गई है। इस क्रम में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी), मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने के लिए संस्थानों की स्वच्छता रैंकिंग की जा रही है। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थानों पर आने वाले संस्थानों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनके लिए भी तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

**जेएनएसी ने किया स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेंज प्रतियोगिता का आगाजः** 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2022' में देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए जमशेदपुर अक्षेस ने स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेंज प्रतियोगिता शुरू की है। इस प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागी विजेताओं को कुल पांच लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इस बारे में जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार का कहना है कि 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2022' के तहत जेएनएसी द्वारा स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस चैलेंज के तहत 'स्वच्छ भारत मिशन' से संबंधित टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के लिए नगर निकाय, राज्य व देश स्तर पर चैलेंज के तहत इसके विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले टेक्नोलॉजी को 2.5 लाख रुपये, द्वितीय स्थान पाने वाले के लिए 1.5 लाख एवं तृतीय स्थान के लिए एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस प्रकार इस प्रतियोगिता के तहत विजेता प्रतिभागी कुल पांच लाख रुपये का पुरस्कार जीत सकते हैं। इस चुनौती में 'स्वच्छ भारत अभियान' से संबंधित किसी भी तकनीक को लागू किया जा सकता है। प्रतियोगिता के लिए पूर्व निर्धारित चार मुख्य क्षेत्र इस प्रकार हैं : 1. सामाजिक समावेश, 2. शून्य डंप, 3. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और 4. पारदर्शिता।




- अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने के लिए संस्थानों की स्वच्छता रैंकिंग जारी
- विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर शहरवासी भी निभा रहे अपनी भागीदारी

### मानगो नगर निगम ने भी शुरू की बेहतर रैंकिंग हासिल करने की पहल

'स्वच्छ सर्वेक्षण 2022' में बेहतर रैंकिंग हासिल करने की पहल मानगो नगर निगम ने भी शुरू कर दी है। निगम क्षेत्र के सभी होटल, रेस्टोरेंट, सरकारी कार्यालय, बाजार और अस्पताल में स्वच्छता के आधार पर मूल्यांकन कर रैंकिंग जारी की जाएगी। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थानों पर आने वाले को सम्मानित किया जाएगा। मानगो नगर निगम की ओर से अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की ओर अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने के लिए संस्थानों की स्वच्छता रैंकिंग की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से कचरे का चार अलग भागों में संग्रहण, गीला कचरा निस्तारीकरण की व्यवस्था, परिसर की दीवारें दाग-धब्बे रहित हों, साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण की व्यवस्था, 3 आर नियम (कचरे को कम करना, पुनः उपयोग करना और रिसाइकिल करना) इनिशिएटिव के तहत उठाए गए कदम, शौचालयों की व्यवस्था करने एवं उसमें हैण्ड वाश, डस्टबीन, लाइट, पानी की व्यवस्था, प्लास्टिक प्रतिबंध से संबंधित नोटिस का डिस्प्ले और कोरोना की रोकथाम के लिए जारी निर्देशों के अनुपालन जैसे थर्मल स्कैनर, सैनिटाइजर की व्यवस्था, बायो-मेडिकल्स वेस्ट-जैसे ग्लब्स, मास्क आदि को रखने के लिए अलग से व्यवस्था करना, सर्वेक्षण संबंधी जागरूकता से संबंधित जानकारी आदि होंगे।



नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार का प्रकाशन

# जमशेदपुर शहर का सबसे पुराना थोक बाजार व दुग्ध उत्पादन के लिए प्रसिद्धः जुगसलाई नगर परिषद



स्वच्छ सर्वेक्षण का अवॉर्ड ग्रहण करते अधिकारी।

## जुगसलाई नगर परिषदः एक नजर में

| कुल जनसंख्या | | साक्षरता दर | कुल क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 49,660 | पुरूष : 26036<br>महिला : 23624 | 72% | 1.29 वर्ग किलोमीटर |

**कुल वार्डो की संख्या 14**

नोटः जुगसलाई नगर परिषद में नगरपालिका निर्वाचन नहीं होने के कारण अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का पद फिलहाल रिक्त है।

### नए साल 2022 में जुगसलाई नगर परिषद शहर को तीन नए भवनों का सौगात देगा

- जुगसलाई नगर परिषद भवन
- डीएम लाइब्रेरी
- कदमा कन्वेंशन

### नगर परिषद अंतर्गत अन्य उपलब्धियां

(1)विवाह भवन का निर्माण।
(2)नगर परिषद कार्यालय भवन-सह-व्यवसायिक कांप्लेक्स का निर्माण।
(3)ईदगाह मैदान का सौंदर्यीकरण।
जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर वृक्षारोपण कर गैवियन लगाकर रंग-रोगन व अन्य स्थलों पर वाल-पेंटिग का कार्य कराया गया है।




### प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल

- गुरूद्वारा (स्टेशन रोड)
- महाकालेश्वर मंदिर व छठ घाट
- गुरूद्वारा (गौरी शंकर रोड)
- सात मंदिर
- जैन मंदिर, खड़गेश्वर धाम
- हरमिलाप मंदिर
- प्राचीन दुर्गा बाड़ी
- महावीर मंदिर (बाबाकुटी)
- पुराना सत्यनारायण मंदिर
- श्री बिंध्यवासिनी मंदिर आदि।

**जुगसलाई नगर परिषद झारखण्ड राज्य के कोल्हान प्रमण्डल अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले का एक प्रमुख नगर निकाय है जो टाटानगर रेलवे स्टेशन के समीप अवस्थित है। जुगसलाई नगर परिषद की सीमाएं पश्चिम में खरकई नदी से शुरू होकर पूर्व में प्रदीप मिश्रा चौक और उत्तर में रेलवे ट्रैक से दक्षिण में बीएनआर नाला तक जाती है। जुगसलाई नगर परिषद के मुख्य चौक (प्रवेश द्वार) में घोड़े में सवार स्वतंत्रता सेनानी बाबु वीर कुँवर सिंह जी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित है।**

पूरे राज्य में जुगसलाई नगर परिषद की पहचान एक प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र के रूप में है। इसके साथ ही यह घनी आबादी का क्षेत्र होने के साथ-साथ जमशेदपुर शहर का सबसे पुराना थोक बाजार भी है। जुगसलाई श्री टाटानगर गौशाला के रूप में भी प्रसिद्ध है जो दुग्ध उत्पादन व आपूर्ति, गोबर से खाद बनाने, गौमूत्र से विभिन्न आवश्यक सामग्री बनाने के लिए भी जाना जाता है। इसके साथ ही यह गोबर मुख्य रूप से कंडा बनाने व आपूर्ति के लिए भी प्रसिद्ध है। इसका उपयोग शवदाह कार्यक्रम में शव जलाने में किया जाता है, जिससे पेड़-पौधों के संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। जुगसलाई को बोरा व्यवसाय के लिए भी जाना जाता है। जुगसलाई नगर परिषद की स्थापना 1924 ई० में की गई थी। जुगसलाई नगर परिषद जुगसलाई के नागरिकों के लिए अपनी उन्नत सेवा के लिए भी जाना जाता है। यह हमेशा जुगसलाई नगर परिषद अपने नागरिकों को हमेशा सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने का प्रयास करता है।

## योजना एक नजर में

### स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)

''स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)'' के तहत ''स्वच्छ सर्वेक्षण-2021'' में जुगसलाई नगर परिषद को भारत के पूर्वी क्षेत्र में 25-50 हजार आबादी वाले शहरों की सूची में ''इनोवेशन एण्ड बेस्ट प्रेक्टिसेस'' श्रेणी में अवार्ड मिला है। विगत वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी ''स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)'' के तहत ''स्वच्छता सर्वेक्षण-2021'' में भारत के पूर्वी जोन में 25-50 हजार आबादी वाले शहरों में जुगसलाई को सिटीजन फीडबैक में बेस्ट सिटी के रूप में पहला रैंक प्राप्त करने के लिए 'स्वच्छ सिटी आवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 20.11.2021 को आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित ''स्वच्छ अमृत महोत्सव-2021'' के अवसर पर दिया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

जुगसलाई नगर परिषद् में ''प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)'' अंतर्गत चतुर्थ घटक के तहत वर्ष 2015 से 2020 तक कुल 35 आवासों की स्वीकृति दी गई, जिसमें से 35 आवास का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही वितीय वर्ष 2021-22 में कुल 14 आवासों को स्वीकृति मिली है, जिसे युद्धस्तर पर पूर्ण कराया जा रहा है।

### दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन (DAY-NULM)

'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन (DAY-NULM)' अंतर्गत कुल 79 स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है। 4 ALFs का भी गठन किया गया है। 19 शहरी गरीब, 15 स्वयं सहायता समूह के सदस्य, 2 स्ट्रीट वेंडर्स को स्वरोजगार योजना के तहत स्वरोजगार करने के लिए ऋण मुहैया कराया गया है। 10 स्वयं सहायता समूहों ने ग्रुप में व्यवसाय करने के लिए क्रेडिट लिंकेज स्कीम के तहत लोन प्राप्त किया। कौशल प्रशिक्षण स्कीम के तहत कुल 621 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित कर प्रमाण-पत्र दिया गया। 450 फूड स्ट्रीट वेंडर्स को प्रशिक्षित कर प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

### पीएम स्वनिधि योजना

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 521 स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम किस्त की राशि उपलब्ध कराई गई है। साथ ही 19 स्ट्रीट वेंडर्स को द्वितीय किस्त की राशि भी उपलब्ध कराई गई।

### मुख्यमंत्री श्रमिक योजना

मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत योजना के 447 लाभुकों को जॉब कार्ड निर्गत किया गया।

संरक्षक
**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री

संपादक
**विनय कुमार चौबे**
सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग

कार्यकारी संपादक
**विजया जाधव**
निदेशक
नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग

यह बुलेटिन विभाग के कार्यों के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से प्रकाशित है।

## दैनिक अखबारों में प्रकाशित विभिन्न निकायों की गतिविधियों की संक्षिप्त
# झलकियां




## नगरीय प्रशासन निदेशालय,
## नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Follow us on : @JharkhandDMA , Website : dmajharkhand.in
1st Floor, JUPMI Building, Beside H.E.C Headquarter, Dhurwa, Ranchi -834004, Jharkhand